Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 17 October 2024

Dainik Jagran
Page - 04, 06

विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी है मनुपात्रा लीगल डाटाबेस

गोरखपुरः दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि विधि विभाग के एलएलबी, बीए एलएलबी, एलएलएम के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए मनुपात्रा लीगल डाटाबेस काफी उपयोगी है। इसका अधिक से अधिक उपयोग शोधार्थियों के लिए लाभदायक होगा।

प्रो. पूनम टंडन

वह बुधवार को केंद्रीय ग्रंथालय एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में संवाद भवन में मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग के संबंध में एक कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के लिए एक नए भवन, विधि विभाग के एक नए भवन व एक बड़े हाल के निर्माण की भी घोषणा की। विश्वविद्यालय के ग्रंथालयी डा.बिभाष कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मनुपात्रा आनलाइन डाटाबेस के उपयोग करने एवं विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो.अहमद नसीम ने भी मनुपात्रा डाटाबेस को अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए काफी उपयोगी बताया। मनुपात्रा कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक अमरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया। संचालन डा.त्रियुगी नारायण मिश्रा व आभार ज्ञापन बीए एलएलबी के समंव्यक प्रो.जितेंद्र मिश्र ने किया। –विज्ञप्ति।

व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते हैं वैल्यू एडेड कोर्स

गोरखपुरः गोवि की कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि वैल्यू एडेड कोर्स छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये उन्हें न केवल अकादमिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते हैं। अंग्रेजी विभाग ने पिछले माह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन किया था, जो पर्यावरण और साहित्य के अंतर्संबंधों पर केंद्रित था। वह बुधवार को विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से 'पर्यावरणीय मानविकी' पर 30 घंटे के विशेष वैल्यू एडेड कोर्स के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। बीएचयू की अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह ने कहा कि साहित्य और कला प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और उसके संरक्षण की आवश्यकता को दर्शाते हैं।

गोवि में कृषि छात्रों को दिए गए करियर के टिप्स

गोरखपुरः दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक संस्थान में विद्यार्थियों के लिए बुधवार को करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिक व इंटरनेशनल कंसल्टेंट डा.मंजुल प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र असाधारण परिवर्तन का अनुभव कर रहा है, जो वैश्विक परिवर्तनों, कृषि के उभरते परिदृश्य से प्रेरित है। निदेशक प्रो.शरद मिश्र ने अध्यक्षता करते हुए सफलता के लिए दिनचर्या में सुधार के टिप्स दिए। संचालन डा.पांडुरंग ने व आभार ज्ञापन डा.रितेश कुमार ने किया। विज्ञप्ति।

सशक्त हैं पूर्वांचल की महिलाएं : कुलपति

जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजारः गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। पूर्वांचल में महिलाएं काफी सशक्त हैं। बेटियां अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर बेटों से बहुत आगे निकल चुकी हैं। आपको भी अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

वह बुधवार को जेबी महाजन महिला महाविद्यालय फुटहवाइनार में बुधवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश महासचिव डा. हेमाबिन्दु नायक ने कहा कि महिलाएं अपने को कमजोर न समझें। उन्हें अपने अंदर की शक्ति को पहचान कर आगे बढ़ना है। रेडक्रास सोसाइटी के प्रदेश उपसभापति अखिलेन्द्र शाही ने कहा कि पिछले एक वर्षों में गोरखपुर रेडक्रास सोसाइटी ने कई ऊंचाइयों को छुआ है। यदि टीम भावना बनी रहे तो यह टीम और आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में भी रेडक्रास सोसाइटी के एक नर्सिंग ब्रिगेड का होना जरूरी है। महाविद्यालय के प्रबंधक व ब्लाक प्रमुख संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरचंद जायसवाल ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन लेडी प्रसन्न कौर इंटर कालेज बसडीला के प्रधानाचार्य डा. दिनेश मणि त्रिपाठी ने किया।

जेबी महाजन महिला पीजी कालेज में महिला को सम्मानित करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन व इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश महासचिव डा. हेमाबिन्दु नायक • जागरण

Swatantra Chetna
Page - 05

वि.वि. में मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस का वर्कशाप सम्पन्न

- विश्वविद्यालय ने मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस का लिया है सब्सक्रिप्शन
- विधि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को कैम्पस में फ्री एक्सेस करने की मिलेगी सुविधा।
- केन्द्रीय ग्रंथालय के साइबर लाइब्रेरी में भी फ्री एक्सेस की है सुविधा

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संवाद भवन में केन्द्रीय ग्रंथालय एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ कुलपति प्रो पूनम टंडन द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय ग्रंथालयी डा बिभाष कुमार मिश्रा ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा मनुपात्रा आनलाइन डाटाबेस के उपयोग करने एवं विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों की भारी संख्या में प्रतिभागिता को देखते हुए कुलपति ने अपने उद्बोधन में आगे से इस कार्यक्रम को दीक्षा भवन में कराने हेतु निर्देशित किया तथा लाइब्रेरी हेतु एक नये भवन, विधि विभाग हेतु एक नये भवन तथा एक बड़े हाल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने विधि विभाग के एलएलबी, बीए एलएलबी, एलएलएम के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए मनुपात्रा लीगल डाटाबेस को उपयोगी बताया तथा इसका अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया। मनुपात्रा कम्पनी के वरिष्ठ प्रबन्धक, अमरेन्द्र सिंह ने मनुपात्रा डाटाबेस के उपयोग के सम्बन्ध में आनलाइन एक्सेस के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं सभी हाई कोर्ट के जजमेंट्स एवं आदेशों, नेशनल एवं इंटरनेशनल डाटाबेस, जर्नल्स, व्यवसायिक एवं आद्योगिक नीति माड्यूल्स, कार्पोरेट ला एवं टेक्सेशन, नोटिफिकेशन एवं सर्कुलर्स, बार एक्ट रूल्स एवं रेगुलेशन्स, कोर्ट फीस, स्टैम्प ड्यूटी, कमेटी रिपोर्ट, अकादमिक ई-बुक्स, कम्पेयर प्रोवीजन्स, लीगल डिक्शनरी, लीगल टेक्सोनामी आदि को सर्च करने, डाउनलोड कर अध्ययन करने तथा अपने कैरियर में कोट करने पर विस्तार से ट्रेनिंग दी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया। प्रो अहमद नसीम, अधिष्ठाता, विधि संकाय ने भी मनुपात्रा डाटाबेस को अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए काफी उपयोगी बताया तथा इसका अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। आभार ज्ञापन प्रो जितेन्द्र मिश्र, समन्वयक, बीए एलएलबी द्वारा किया गया तथा मंच का संचालन डा त्रियुगी नारायण मिश्रा ने किया।

इस कार्यशाला में विधि विभाग के शिक्षकगण, केन्द्रीय ग्रंथालय के कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में विधि विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के छात्र ने उज्बेकिस्तान में लहराया भारत का परचम

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्नातक के छात्र सनी सिंह ने जिनहोन उज्बेकिस्तान मे आयोजित किकबॉक्सिंग विश्व कप 2024 मे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड कप टॉप 10 में 5वीं रैंक हासिल किया है।

सनी सिंह ने कई राज्यस्तर एवं राष्ट्रीय स्तर किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप मे प्रतिभागी करते हुए जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया इनहोन अमर उजाला के साथ जुड़कर मिशन अपराजिता एवं मिशन साहशी मे अहम भूमिका निभाई।

Amar Ujala
Page - 08

रंगोली में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

डीडीयू के पंत पार्क में पूर्वांचल छात्र महोत्सव के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता

गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क में पूर्वांचल छात्र महोत्सव 2024 के तहत आयोजित रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। पूर्वांचल छात्र महोत्सव व सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क में किया गया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ दस लोगों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में गोरखपुर विश्वविद्यालय के साथ सेंट एंड्रयूज कॉलेज, दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनमोल द्विवेदी ने की। इस अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता नारायण दत्त पाठक, अदिति तिवारी, सुप्रिया मिश्रा, प्रिंस गुप्ता, अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

Amar Ujala Select
Page - 05

डीडीयू : मनुपात्रा ऑनलाइन लीगल डाटाबेस की खूबियों से रूबरू हुए छात्र

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के केंद्रीय ग्रंथालय एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को संवाद भवन में मनुपात्रा ऑनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

केंद्रीय ग्रंथालय और विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में मंचासिन कुलपति प्रो पूनम टंडन व अन्य।

कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। उन्होंने विधि विभाग के एलएलबी, बीए-एलएलबी, एलएलएम के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए मनुपात्रा लीगल डाटाबेस को काफी उपयोगी बताया और इसका उपयोग करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के लिए एक नए भवन, विधि विभाग के एक नए भवन व एक बड़े हॉल के निर्माण की घोषणा की।

केंद्रीय ग्रंथालय में मनुपात्रा ऑनलाइन लीगल डाटाबेस को लेकर हुआ वर्कशॉप

विश्वविद्यालय के ग्रंथालयी डॉ. विभाष कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मनुपात्रा ऑनलाइन डाटाबेस के उपयोग करने एवं विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। मनुपात्रा के वरिष्ठ प्रबंधक अमरेंद्र सिंह ने मनुपात्रा डाटाबेस के उपयोग के संबंध में ऑनलाइन एक्सेस के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं सभी हाईकोर्ट के जजमेंट्स एवं आदेशों आदि को सर्च करने, डाउनलोड कर अध्ययन करने तथा अपने कॅरियर में कोट करने की ट्रेनिंग दी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया।

इस अवसर पर विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अहमद नसीम ने भी मनुपात्रा डाटाबेस को अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए काफी उपयोगी बताया। आभार ज्ञापन बीए-एलएलबी के समन्वयक प्रो. जितेंद्र मिश्र ने किया। संचालन डॉ. त्रियुगी नारायण मिश्रा ने किया।

रंगोली में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

डीडीयू के पंत पार्क में पूर्वांचल छात्र महोत्सव के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता

गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क में पूर्वांचल छात्र महोत्सव 2024 के तहत आयोजित रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। पूर्वांचल छात्र महोत्सव व सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क में किया गया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ दस लोगों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में गोरखपुर विश्वविद्यालय के साथ सेंट एंड्रयूज कॉलेज, दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनमोल द्विवेदी ने की। इस अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता नारायण दत्त पाठक, अदिति तिवारी, सुप्रिया मिश्रा, प्रिंस गुप्ता, अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद गठन की मांग की

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यपरिषद सदस्य गणेश प्रसाद पांडेय ने विश्वविद्यालय सभा (कोर्ट) के गठन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कुलपति प्रो. पूनम टंडन को पत्र लिखा है। आरोप है कि वर्ष 2009 से अब तक 'सभा' का गठन नहीं किया गया।

बस्ती जिले के मोहनपुर गांव निवासी गणेश प्रसाद पांडेय ने पत्र में लिखा है कि वे वर्ष 1971 से 2009 तक गोरखपुर विश्वविद्यालय की सभा के सदस्य रहे। वर्ष 2006 से 2009 तक 'सभा' के प्रतिनिधि के रूप में कार्यपरिषद के सदस्य रहे। वर्ष 2009 के बाद 'सभा' का गठन नहीं हुआ। पत्र में उन्होंने कहा है कि डीडीयू के कार्यपरिषद का कार्यकाल 25 जून 2009 को समाप्त हो गया है। विश्वविद्यालय नियमावली के अनुसार पंजीकृत स्नातकों की ओर से 15 सदस्य 'कोर्ट' के लिए चुने जाते हैं।

Inext Page -05

व्यावहारिक कौशल प्रदान करते हैं वैल्यू एडेड कोर्स

GORAKHPUR (16 Oct): दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि वैल्यू एडेड कोर्स छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें न केवल अकादमिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते हैं. अंग्रेजी विभाग ने पिछले माह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन किया था, जो पर्यावरण और साहित्य के अंतर्संबंधों पर केंद्रित था.

वह बुधवार को विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से 'पर्यावरणीय मानविकी' पर 30 घंटे के विशेष वैल्यू एडेड कोर्स के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं. बीएचयू की अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह ने कहा कि साहित्य और कला प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और उसके संरक्षण की आवश्यकता को दर्शाते हैं.

उन्होंने विलियम वर्ड्सवर्थ की कविता टिटर्न एबी का उदाहरण देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति प्रकृति के प्रति सच्चा प्रेम रखता है, उसे कभी भी धोखा नहीं मिलता. उन्होंने साहित्य के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय न्याय और मानवता के संकटों को उजागर करने पर जोर दिया.

विभागाध्यक्ष प्रो.अजय शुक्ला ने बताया कि यह विभाग द्वारा पेश किया गया दूसरा वैल्यू एडेड कोर्स है, पहला कोर्स मई में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था. उन्होंने इस पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय न्याय, जल संकट, और प्रकृति लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने की योजना की जानकारी दी. कार्यक्रम का समापन पाठ्यक्रम समन्वयक डा. संजीव विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन डा.अमोद राय ने किया.

Hindustan
Page - 08

विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी है मनुपात्रा लीगल डाटाबेस : कुलपति

डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि विधि विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए मनुपात्रा लीगल डाटाबेस काफी उपयोगी है। इसका अधिक से अधिक उपयोग शोधार्थियों के लिए लाभदायक होगा।

विवि संवाद भवन में आयोजित मनुपात्रा ऑनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग संबंधी कार्यशाला के उदघाटन समारोह में उपस्थित कुलपति प्रो पूनम टंडन व अन्य ।

वह बुधवार को डीडीयू के केंद्रीय ग्रंथालय एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में संवाद भवन में मनुपात्रा ऑनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग सम्बंधी कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के लिए एक नए भवन, विधि विभाग के एक नए भवन व एक बड़े हाल के निर्माण की भी घोषणा की।

डीडीयू के ग्रंथालयी डॉ बिभाष मिश्र ने मनुपात्रा ऑनलाइन डाटाबेस के उपयोग करने एवं विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अहमद नसीम ने भी मनुपात्रा डाटाबेस को अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए काफी उपयोगी बताया। मनुपात्रा कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक अमरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया। संचालन डॉ त्रियुगी नारायण मिश्र व आभार ज्ञापन बीए एलएलबी के समन्वयक प्रो. जितेंद्र मिश्र ने किया।

सड़क सुरक्षा पर निकाली जन जागरूकता रैली

रोवर्स-रेंजर्स

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बुधवार को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाली। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रेंजर्स संयोजक प्रो. विनय सिंह, डॉ. श्री प्रकाश सिंह, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. तूलिका मिश्रा, डॉ. देवेन्द्र पाल, डॉ. अंशु गुप्ता, डॉ. अरुंधति सिंह, डॉ. सुनैना गौतम आदि उपस्थित रहे।

सुग्रीव तिवारी बने इंजीनियरिंग के प्रोफेसर इंचार्ज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य सुग्रीव नाथ तिवारी को डीडीयू में नई जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का प्रोफेसर इंचार्ज बनाया गया है। उन्होंने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, भौतिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. रविशंकर सिंह व डॉ प्रभुनाथ प्रसाद आदि ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

कृषि छात्रों को दिए कॅरियर के टिप्स

गोरखपुर। डीडीयू के कृषि एवं प्राकृतिक संस्थान में विद्यार्थियों के लिए बुधवार को कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिक व इंटरनेशनल कंसल्टेंट डॉ. मंजुल प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र असाधारण परिवर्तन का अनुभव कर रहा है, जो वैश्विक परिवर्तनों, कृषि के उभरते परिदृश्य से प्रेरित है। निदेशक प्रो. शरद मिश्र ने सफलता के लिए दिनचर्या में सुधार के टिप्स दिए। संचालन डॉ. पांडुरंग ने व आभार ज्ञापन डॉ. रितेश कुमार ने किया।

Aaj

प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहीं महिलाएं- कुलपति

गोरखपुर,१५ अक्टूबर। जे.बी. महाजन महिला महाविद्यालय फुटहवाइनार में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी गोरखपुर इकाई के तत्वावधान में आयोजित

महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए डी.डी.यू. गोविवि की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर लड़कियां लड़कों से बहुत आगे निकल चुकी हैं। आपको भी अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संस्था की पहचान वहां के छात्र होते हैं। वह इस महाविद्यालय के बच्चों में दिखा। रेडक्रास सोसाइटी के बारे में बात करना सूरज को दीपक दिखाने के समान है। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश महासचिव डॉ. हेमाबिन्दु नायक ने कहा कि महिलाएं अपने को कमजोर न समझें। अपने अंदर की शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ना है। अपने आत्मविश्वास को कभी खोना नहीं है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रेडक्रास सोसाइटी के प्रदेश उपसभापति अखिलेन्द्र शाही ने कहा कि पिछले एक वर्षों में गोरखपुर रेडक्रास सोसाइटी ने कई ऊंचाइयों को छुआ है। यदि टीम भावना बनी रहे तो यह टीम

- हर किसी को फर्स्ट एड की जानकारी होना जरूरी- हेमाबिन्दु नायक
- इंडियन रेडक्रास सोसाइटी का महिला सशक्तिकरण एव प्रतिभा सम्मान समारोह

और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम में आभार ज्ञापित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक व ब्लाक प्रमुख संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरचंद जायसवाल ने कहा कि आज इस महाविद्यालय के बच्चों को ज्ञान और आशीर्वाद दोनो मिला है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय की छात्रा संजना दुबे ने सरसवती वंदना और पिंकी व शशिबाला ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्राओं के एक समूह ने शानदार डांस प्रस्तुत किया।

Rashtra Ki Parampara

डीडीयू में मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस का वर्कशाप सम्पन्न

विधि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को कैम्पस में फ्री एक्सेस करने की है सुविधा

गोरखपुर (राष्ट्र की परम्परा)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रंथालय एवं विधि संकाय के संयुक्त तत्वाधान में

बुधवार को मनुपात्रा आनलाइन लीगल डाटाबेस के उपयोग के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का आयोजन संवाद भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। डा. बिभाष कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय ग्रंथालयी ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा मनुपात्रा आनलाइन डाटाबेस के उपयोग करने एवं विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों की भारी संख्या में प्रतिभागिता को देखते हुए कुलपति ने अपने उद्बोधन में आगे से इस कार्यक्रम को दीक्षा भवन में कराने हेतु निर्देशित किया तथा लाइब्रेरी हेतु एक नये भवन, विधि विभाग हेतु एक नये भवन तथा एक बड़े हाल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने विधि विभाग के एलएल.बी., बी.ए.एलएल.बी., एलएल.एम. के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए मनुपात्रा लीगल डाटाबेस को काफी उपयोगी बताया तथा इसका अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया। मनुपात्रा कम्पनी के वरिष्ठ प्रबन्धक अमरेन्द्र सिंह ने मनुपात्रा डाटाबेस के उपयोग के सम्बन्ध में आनलाइन एक्सेस के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं सभी हाई कोर्ट के जजमेन्ट्स एवं आदेशों, नेशनल एवं इंटरनेशनल डाटाबेस, जर्नल्स, व्यवसायिक एवं आद्योगिक नीति माड्यूल्स, कार्पोरेट ला एवं टेक्सेशन, नोटिफिकेशन एवं सर्कुलर्स, बार एक्ट रूल्स एवं रेगुलेशन्स, कोर्ट फीस, स्टैम्प ड्यूटी, कमेटी रिपोर्ट, अकादमिक ई-बुक्स, कम्पेयर प्रोवीजन्स, लीगल डिक्शनरी, लीगल टेक्सोनामी आदि को सर्च करने, डाउनलोड कर अध्ययन करने तथा अपने कैरियर में कोट करने पर विस्तार से ट्रेनिंग दी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो.अहमद नसीम ने भी मनुपात्रा डाटाबेस को अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए काफी उपयोगी बताया तथा इसका अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। आभार ज्ञापन प्रो. जितेन्द्र मिश्र, समन्वयक, बी0ए0एल0बी0 तथा मंच का संचालन डा0 त्रियुगी नारायण मिश्रा ने किया। इस कार्यशाला में विधि विभाग के शिक्षकगण, केन्द्रीय ग्रंथालय के कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में विधि विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

super fast Times

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
सुपर फास्ट टाइम्स
(कुशीनगर/गोरखपुर/गोण्डा/पीलीभीत)

अंग्रेजी विभाग में 'मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम' का शुभारंभ

- मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते है : प्रो० पूनम टंडन
- प्रकृति का संरक्षण सबसे बड़ी सेवा है: प्रो०अनीता सिंह
- पर्यावरण मानविकी हमारी संस्कृति और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए आवश्यक : प्रो० अजय शुक्ला

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग में बुधवार को 'पर्यावरण मानविकी' पर 30 घंटे के विशेष मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया। यह पाठ्यक्रम स्नातकोत्तर छात्रों और शोधकताओं के लिए तैयार किया गया है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020), सतत विकास लक्ष्यों और जी20 उद्देश्यों के अनुरूप है। कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने इस विशेष पाठ्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये उन्हें न केवल अकादमिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करते हैं। उन्होंने साहित्य के माध्यम से पर्यावरण के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और पिछले महीने अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की भी प्रशंसा की, जो पर्यावरण और साहित्य के बीच अंतर्संबंधों पर केंद्रित था। मुख्य अतिथि, प्रो० अनीता सिंह, अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, बीएचयू ने अपने प्रेरक व्याख्यान में पर्यावरण मानविकी के महत्व को गहराई से समझाया। उनके अनुसार, साहित्य एक सशक्त माध्यम है जो समाज में जागरूकता पैदा कर सकता है और हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर सकता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो० अजय कुमार शुक्ला ने पाठ्यक्रम का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रस्तुत यह दूसरा मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम है, पहला पाठ्यक्रम मई माह में सफलतापूर्वक संचालित किया गया था। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण न्याय, जल संकट और प्रकृति लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की योजना है, जिससे छात्रों को वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों की गहरी समझ प्राप्त होगी। प्रो० शुक्ला गोरखपुर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हैं और वे नियमित रूप से पर्यावरण और सफाई से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम का समापन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ०संजीव विश्वकर्मा ने किया, जिन्होंने पाठ्यक्रम की संरचना, 15 विषय आधारित व्याख्यान, प्रस्तुतीक